आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.11.2025 समय : 1905

- निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ई सी आई नेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया है।
- नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरबस ए 320 श्रृंखला के विमानों की सभी उड़ानों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिये हैं।
- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।
- भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के तत्वावधान में, द्वीप समूह में नागरिकों को उनके लंबे समय से लंबित वित्तीय संपत्ति को वापस पाने में मदद करने के लिए रेस्टीट्यूशन कैंप का सफल आयोजन।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित भारतीय नौसेना का समुद्रिका नौसैनिक समुद्री संग्रहालय पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित यह संग्रहालय द्वीपों के इतिहास, भूगोल, जनजातीय संस्कृति और समुद्री विरासत का विस्तृत परिचय कराता है। संग्रहालय में अंडमान–निकोबार के आदिवासी समुदायों, समुद्री जीव–जंतुओं, दुर्लभ कोरल, शंख और विभिन्न समुद्री संसाधनों को संरक्षित कर प्रदर्शित किया गया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय नौसेना के मॉडल युद्धपोत, नेविगेशन उपकरण और समुद्री सुरक्षा से संबंधित प्रदर्शन भी यहाँ प्रमुख रूप से देखे जा सकते हैं। समुद्री जीवन में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए संग्रहालय में मौजूद समुद्री प्रजातियों और पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े नमूने विशेष आकर्षण का विषय हैं। भारतीय नौसेना के अनुसार, इस संग्रहालय का उद्देश्य लोगों को द्वीप समूह की समुद्री विरासत से परिचित कराना और युवाओं में समुद्री जागरूकता बढ़ाना है। पोर्ट ब्लेयर के हैड्डो क्षेत्र में स्थित यह संग्रहालय पूरे वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में आज इस संग्रहालय का ज़िक्र करते हुए कहा–

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लीप इंजन एम आर ओ सुविधा, आई एन एस माहे और स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने यह बात कहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवम्बर का महीना देश के लिए कई प्रेरणाएं लेकर आया है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन पिछले 10 साल में 10 करोड़ टन बढ़ा है। कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 300 एंड 57 मिलियन टन, 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है। श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिन में क्रिसमस और नए वर्ष पर खरीदारी का नया दौर शुरू होने वाला है। श्री मोदी ने लोगों से वोकल फोर लोकल का मंत्र याद रखने को कहा।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस आई आर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन आयोग ने गणना की समय–सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। इस समय उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एस आई आर प्रक्रिया चल रही है।

<><><><><><><>

विकिसत भारत यूथ पार्लियामेंट के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के हिस्से के रूप में आयोजित वाकपटूता प्रतियोगिता में अंडमान लॉ कॉलेज और टैगोर कॉलेज, प्रत्येक ने पाँच–पाँच स्थान प्राप्त किए। टैगोर कॉलेज ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि लॉ कॉलेज ने दूसरा स्थान जीता। प्रतियोगिता का विषय था 'आपातकाल के पचास वर्ष और लोकतंत्र के लिए सबक'। प्रतियोगिता में छात्र प्रतिभागियों ने अपने मौलिक विचार साझा किए। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के बहत्तर छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से शीर्ष 10 का चयन किया गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार, राशिद आलम ने शीर्ष दस विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रिंसिपल डॉ. पी.वी.एन. सरमा ने समापन समारोह की अध्यक्षता की।

माय भारत के संयुक्त निदेशक, सुखरंजन बिस्वास ने कहा कि द्वीप समूह के सभी जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रत्येक जिला स्तरीय राउंड में, राज्य स्तरीय राउंड के लिए शीर्ष दस का चयन किया गया। इन चयनित उम्मीदवारों को दिसंबर के तीसरे सप्ताह में आयोजित होने वाले राउन्ड के लिए और जांचा जाएगा है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के एक आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एच.आई.वी की रोकथाम, उपचार, देखभाल और कलंक उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय प्रतिक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। यह कार्यक्रम सरकारी नेताओं, विकास भागीदारों, युवा प्रतिनिधियों, सामुदायिक अधिवक्ताओं, एड्स से पीड़ित लोगों और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को एक साथ लाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के अन्तर्गत एक नई अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एक विशेष लाइव संगीत प्रदर्शन भी होगा जिसका विषय प्रारंभिक जांच, उपचार का पालन और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीना होगा।

<><><><><><><>

आर जी टी पब्लिक विद्यालय ने कल "आत्मनिर्भर भारत" की थीम पर  विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाया।  छात्रों ने आत्मनिर्भरता, स्थिरता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने वाले मॉडल, चार्ट, कलात्मक कार्य और गणितीय अवधारणाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्यारी के निदेशक डॉ. जय सुंदर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की वार्ड नंबर 10 की पार्षद मंगई करासी ने विशिष्ट अतिथि रही। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न स्टालों का दौरा किया। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ बातचीत भी की। मुख्य अतिथि, डॉ. जय सुंदर ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और गर्व से उन्हें "जूनियर वैज्ञानिक" का नाम दिया। उन्होंने अंतर्दृष्टिपूर्ण शब्दों के साथ उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया, और इस बात पर ज़ोर दिया कि विज्ञान, गणित, कला, शिल्प और योग मिलकर एक समग्र शिक्षण नींव का निर्माण करते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय वायु सेना द्वारा हवाई फायरिंग अभ्यास कल से 3 दिसम्बर तक सुबह 9 से 11 बजे और दोपहर साढ़े तीन से साढ़े पांच बजे आयोजित किया जाएगा। सभी संबंधित व्यक्तियों को अपने वाहन और पशुधन को अभ्यास क्षेत्र से दूर रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को सुरक्षा उपाय अपनाने की चेतावनी दी है।

<><><><><><><>